गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) और (ख) स्वतंत्रता सेनानियों को दी जा रही पेंशन की राशि में अभी तक कोई वृद्धि नहीं की गई है।

वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के कार्यान्वयन से प्रभावित आदिवासियों को सुविधाओं का दिया जाना

3464. **श्री अजीत जोगी** : क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चूंकि वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के लागू होने के बाद, आदिवासियों को उनकी आजीविका के लिये कोई अतिरिक्त भूमि आवंटित नहीं की जा सकी है और वनोपज तथा वन विभाग द्वारा उन्हें दी जा रही मजदूरी भी उनके लिये कम होती जा रही है इसलिये क्या सरकार वनों से आदिवासियों की आजीविका के स्रोत जुटाने के लिये कोई उपाय करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या इन आदिवासियों को विस्तृत वन-क्षेत्र में हल्दी, पाईनएपल, टेपीयोका, अरबी, खरीफ, आलू आदि जैसी पेड़ों की छाया में पैदा हो सकने वाली फसलों और नीबू, संतरा आदि जैसे फलदार पेड़ों को लगाने की अनुमति दी जायेगी ताकि वे अपनी आजीविका अर्जित कर सकें ?

पर्यावरण और वन मंत्री (श्री जैड० आर० अंसारी): (क) और (ख) गैर-वन प्रयोजनों के लिये वन भूमि को उपयोग में लाने के लिये वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत भारत सरकार की पूर्व अनुमति लेनी होती है। वन भूमि पर आदिवासियों के प्रथागत अधिकारों को वन कार्य योजनाओं के तहत सुरक्षा प्रदान की जाती है। वानिकी क्षेत्र में तीन स्कीमें आरम्भ की गई हैं जिनमें वर्ष 1988-89 के दौरान केवल आदिवासी क्षेत्रों में खर्च किये जाने के लिये 885.00 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके ब्यौरे संलग्न विवरण में दिये गये हैं। (नीचे देखिये)

(ग) सरकारी वन भूमि में कृषि और बागवानी से संबंधित फसलों की खेती करने की अनुमति देने का कोई प्रावधान नहीं है।

विवरण

(लाख रुपयों में)

क्रम सं०	स्कीम	कुल परिव्यय	आदिवासी क्षेत्र हेतु निर्धारित निधियों की मात्रा	प्रतिशत
1.	वन चरागाह फार्मों की स्थापना	400.00	95.00	24
2.	ग्रामीण जलाऊ लकड़ी को पौधरोपण सहित सामाजिक वानिकी	1700.00	490.00	28
3.	हिमालय क्षेत्र में समन्वित मृदा और जल संरक्षण स्कीम	1200.00	300.00	25

वृक्षारोपण के अन्तर्गत लाई गई बंजर भूमि

3465. **श्री अजीत जोगी** : क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान वर्षा ऋतु के दौरान बंजर भूमि विकास बोर्ड द्वारा कितनी बंजर भूमि पर वृक्षारोपण किया गया है;

(ख) क्या यह लक्ष्य के अनुरूप था; और

(ग) मध्य प्रदेश में बंजर भूमि में वृक्षारोपण के काम में तेजी लाने के लिये बोर्ड द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

पर्यावरण और वन मंत्री (श्री जैड० आर० अन्सारी) : (क) और (ख) वनी-